# 20 राजस्थान की वेशभूषा व पहनावा

1. **आदिवासियों में कटकी वस्त्र पहना जाता है?**
(1) पुरुषों द्वारा
(2) विधवाओं द्वारा
(3) विवाहित स्त्रियों द्वारा
(4) अविवाहित लड़कियों द्वारा (4)
**व्याख्या–** कटकी आदिवासी अविवाहित लड़कियों की ओढ़नी है। इसमें लाल जमीन पर सफेद काले धागे से बूँटियां बनी होती हैं।

2. **राजस्थान की किस पोशाक को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है?**
(1) जोधपुरी कोट (2) जोधपुरी पगड़ी
(3) जयपुरी साफा (4) मेवाड़ी पाग (1)

3. **गरासियों में स्त्री व पुरुषों में कमीज के रूप में प्रयुक्त होने वाला वस्त्र कहलाता है?**
(1) झूलकी (2) कापड़ी
(3) पटियारी (4) मांझौ (1)

4. **बंधेज कला द्वारा पाँच रंगों से रंगा गया साफा क्या कहलाता है?**
(1) मदील (2) मोठड़ा
(3) डोवटी (4) बावरा (4)

5. **निम्न में से असत्य कथन है–**
(1) मोठड़े की पगड़ी विवाह के अवसर पर पहनी जाती है।
(2) लहरिया पगड़ी श्रावण में तीज के अवसर पर पहनी जाती है।
(3) मदील पगड़ी रक्षाबन्धन पर पहनी जाती है।
(4) कसुमल पगड़ी वर्षा ऋतु में पहनी जाती है। (3)
**व्याख्या–** मदील पगड़ी दशहरे पर पहनी जाती है।

6. **तेज सर्दी में ऊपर से नीचे तक कश्मीरी फिरन की तरह पहने जाने वाला वस्त्र है?**
(1) आतमसुख (2) घुघी
(3) पंछा (4) सलूका (1)
**व्याख्या–** सबसे पुराना आतमसुख सिटी पैलेस (जयपुर) में रखा है।

7. **सलवार रूपी वस्त्र जो शरीर के नीचले हिस्से में पहना जाता है, जिसका नीचे का पायचा चौड़ा होता है?**
(1) सुजनी (2) लहंगा
(3) शरारा (4) तिलका (3)

8. **लंगोटिया भीलों में पुरुषों द्वारा कमर पर बाँधी जाने वाली लंगोटी क्या कहलाती है?**
(1) ढ़ेपाड़ा (2) फालू
(3) पोत्या (4) खोयतु (4)

9. **भील जनजाति में शादी के समय दुल्हन द्वारा पहना जाने वाला पीले रंग का लंहगा क्या कहलाता है?**
(1) सिन्दूरी (2) सलूका
(3) पिरिया (4) परिजनी (3)

10. **उदयशाही, अमरशाही व भीमशाही कहाँ की पगड़ियाँ है?**
(1) डुँगरपुर (2) जोधपुर
(3) मेवाड़ (4) बीकानेर (3)
**व्याख्या–** मेवाड़ की पगड़ियाँ – मेवाड़ी पगड़ी, अमरशाही पगड़ी, उदयशाही पगड़ी, अरसीशाही पगड़ी, भीमशाही पगड़ी, स्वरूपशाही पगड़ी आदि।

11. **उमराव पाग राजस्थान की किस रियासत में प्रचलित रही है?**
(1) आमेर (2) जोधपुर
(3) मेवाड़ (4) जैसलमेर (3)

12. **ब्रिजेस वस्त्र है?**
(1) एक राजपूती पगड़ी
(2) महिलाओं का घाघरा
(3) महिलाओं की एक ओढ़नी
(4) पुरुषों का कमर से नीचे का वस्त्र (4)
**व्याख्या–** ब्रिजेस– चुड़ीदार पायजामे के स्थान पर पहना जाने वाला तंग पायजामा जो घुड़सवारी या शिकार के वक्त पहना जाता है।

13. **युद्ध में जाते समय योद्धाओं द्वारा किस रंग की विशेष पगड़ी पहनी जाती थी?**
(1) केसरिया रंग की (2) सफेद रंग की
(3) मोठड़े की पगड़ी (4) लहरिया पगड़ी (1)
**व्याख्या–** केसरिया त्याग का प्रतीक हैं इसलिए राजपूत योद्धाओं द्वारा युद्ध में जाते समय पहनी जाती थी तथा राजस्थान में अक्षय तृतीया पर भी केसरिया पगड़ी पहनी जाती है।

14. **मदील क्या है?**
(1) पगड़ी (2) ओढ़नी
(3) साड़ी (4) ओढ़ने का वस्त्र (1)
**व्याख्या–** मदील एक पगड़ी है जो दशहरे पर पहनी जाती है।

15. **मारवाड़ में 'दामणी' क्या था?**
(1) ओढ़नी का एक प्रकार
(2) सिंचाई करने का औजार
(3) एक राजस्व कर
(4) कलात्मक जूतियाँ (1)
व्याख्या– दामणी मारवाड़ क्षेत्र में प्रचलित लाल रंग की एक ओढ़नी है, जिस पर धागे से कशीदाकारी की होती है।

16. **निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कर सही कूट का चयन कीजिए–**

| पगड़ी | शासक |
|---|---|
| (1) अमरशाही | I- भीमसिंह द्वितीय |
| (2) उदयशाही | II- अरिसिंह |
| (3) अरसीशाही | III- महाराणा उदयसिंह |
| (4) भीमशाही | IV- महाराणा अमरसिंह द्वितीय |

**कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | III | IV |
| (2) | IV | III | II | I |
| (3) | III | IV | II | I |
| (4) | II | I | IV | III |

(2)

17. **रेशमी घाघरा कहाँ का प्रसिद्ध है?**
(1) जालौर (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) जैसलमेर (2)

18. जेनब की साड़ियाँ कहाँ की प्रसिद्ध है?
(1) जोबनेर (जयपुर ग्रामीण) (2) दिगोद (कोटा)
(3) सवाई माधोपुर (4) नाथद्वारा (राजसमंद) (2)

19. बंधेज कला द्वारा 5 रंगों से रंगा साफा है?
(1) लाल टूल साफा (2) बावरा साफा
(3) शाही साफा (4) उमराव साफा (2)

20. निम्न में से कौनसा वस्त्र पुरुषों द्वारा नहीं पहना जाता है?
(1) अंगरखी (2) अंगरूठी
(3) आतम सुख (4) अचकन (2)

**व्याख्या–** अंगरूठी भील स्त्रियों का पहनावा है।

21. कसुम्बी पगड़ी पहनी जाती है?
(1) सर्दियों में (2) मांगलिक अवसर पर
(3) गर्मियों में (4) होली पर (1)

22. पश्चिमी राजस्थान में महिलाओं द्वारा ओढ़ने का ऊनी वस्त्र है?
(1) पट्टु (2) रेजा
(3) पंछा (4) फड़का (1)

23. भील पुरुषों द्वारा पहने जाने वाली तंगधोती कहलाती है?
(1) ढ़ेपाड़ा (2) अंगरखा
(3) खोयतु (4) सलूका (1)

24. अंगोछा पहना जाता है?
(1) सिर पर (2) हाथ में
(3) कमर पर (4) पैरों में (1)

25. विवाहित सहरिया महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला वस्त्र है?
(1) रेजा (2) फड़का
(3) झूलकी (4) सलूका (1)

26. बुर्का क्या है?
(1) हिन्दु महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला वस्त्र
(2) जैन महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला वस्त्र
(3) बौद्ध धर्म की महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला वस्त्र
(4) मुस्लिम महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला वस्त्र (4)

27. पूरे भारत में बंधेज की साड़ियाँ कहाँ की प्रसिद्ध है?
(1) बीकानेर (2) जोधपुर
(3) जयपुर (4) उदयपुर (2)

28. जमीन पर बैठ कर भोजन करने के लिए बिछाई जाने वाली लम्बी सी दरी कहलाती है?
(1) पांतियो (2) बुगची
(3) कौपीन (4) भाखला (1)

29. राजस्थान में पट, दुकुल, वसन, चोल, निचोल आदि प्रचलित नाम है?
(1) साड़ियों के (2) सहरियों के वस्त्र
(3) पगड़ियों के (4) भीलो के वस्त्र (1)

**व्याख्या–** पट, दुकुल, वसन, चोल, निचोल, अंसुक, चीर-पटोरी एवं चोरसो साड़ियों के प्रचलित नाम है।


30. मोजरी का संबंध ......... से है।
(1) जूते (2) लोकगायन शैली
(3) आभूषण (4) वस्त्र (1)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।